स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों का योगदान पर संगोष्ठी का आयोजन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी के कुशल नेतृत्व एवं अध्यक्षता में स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों का योगदान पर एक दिवसीय संगोष्ठी, प्रदर्शनी व छात्र संवाद का आयोजन

पशुपालन एवं डेयरी मंत्री प्रेमसिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में तथा पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संचालक डॉ. आर.के मेहिया विशिष्ट अतिथि, डॉ. उमा परते मुख्य वक्ता, संयोजिका व डॉ. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, विषय विशेषज्ञ एवं सहायक निदेशक राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार की गरिमामय उपस्थिति में 12 सितम्बर 22 को पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में होगा। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज के योगदान और जनजातीय नायकों के बलिदान को युवा पीढ़ी से परिचित कराने के उद्देश्य से देश में करीब 125 से अधिक विश्वविद्यालय में यह कार्यक्रम हो रहे हैं।

देश की सुरक्षा पर जब–जब संकट आया है, जनजातीय समाज ने अपने शौर्य और बलिदान से राष्ट्र की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस कार्यक्रम का उद्देश् है कि, हमारी नई पीढ़ी को जनजाति महानायको के देश प्रेम व उनके द्वारा दिए गए बलिदान के प्रति जागरूक कराया जाए।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि, जबलपुर